आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 29.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की की विशेषज्ञ टीम ने मनसा देवी की पहाड़ी में भूस्खलन से हुए नुकसान का निरीक्षण किया।
- राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने देहरादून के सेलाकुई में अत्याधुनिक परीक्षण और अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- चमोली जिले के गोचर में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से आए प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न।
- शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही ळें

टीम निरीक्षण हरिद्वार

केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की के विशेषज्ञों के एक दल ने हरिद्वार में मनसा देवी पहाड़ी का जगह–जगह से निरीक्षण किया। संस्थान के वैज्ञानिक अजय चौरसिया ने बताया कि पिछले दिनों उत्तराखंड में जगह–जगह भूस्खलन होने और बादल फटने की घटनाएं हुई, जिससे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि टीम नुकसान का आकलन करने के बाद इसकी रिपोर्ट पीडीएनए को भेजेगी। साथ ही भूस्खलन को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाई जाएगी।

रिसर्च लैबोरेटरी

राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने देहरादून के सेलाकुई में अत्याधुनिक परीक्षण और अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री रुहेला ने कहा कि फार्मा उत्पाद की गुणवत्ता सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी होती है। यह प्रयोगशाला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने में मदद करेगी, जिससे देश की फार्मा निर्यात क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि, यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

द्योलीडांडा सम्मेलन

उत्तराखंड शिल्पकार समाज के ऐतिहासिक द्योलीडांडा सम्मेलन के शताब्दी वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा के रैमजे इंटर कॉलेज में राज्य स्तरीय शिल्पकार सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन शताब्दी समारोह समिति अल्मोड़ा की ओर से आयोजित सम्मेलन में राज्य के विभिन्न स्थानों से आए शिल्पियों ने अपने उत्पादों और कला की प्रदर्शनी भी लगाई। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और अनुसूचित जाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित प्रदेश के सभी जिलों से आए शिल्पकार समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि राय बहादुर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा ने अनुसूचित जाति समाज के लिए शैक्षिक, सामाजिक और अधिकारों को दिलाने का कार्य किया।

शारदीय नवरात्र

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। टिहरी जिले के सिद्धपीठ चंद्रबदनी और कुँजापुरी सहित विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। टिहरी के प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए। भद्रकाली के उपासक सुशील सीरियाल ने बताया कि नौ दिनों तक माता के मंदिर में बड़ी संख्या में लोग अपनी श्रद्धा से मंदिर में आकर भोग चढ़ाते हैं।

श्रद्धालु इंदु शर्मा ने बताया कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माता से मन्नत मांगता है, उसकी सभी मनोकामना पूरी होती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

चमोली जिले में आठवीं वाहिनी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस कैंप गोचर में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से आए 25 आईएएस, आईपीएस और आईएफएस प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर आठवीं वाहिनी आईटीबीपी और 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवानों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित आधुनिक उपकरणों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने रोप रेस्क्यू तकनीक का प्रदर्शन किया, जिसमें किसी बहुमंजिला भवन से आपदा के समय फंसे हुए व्यक्ति को सुरक्षित ऊपर या नीचे निकालने की विधियों को समझाया गया। प्रशिक्षार्थियों ने इन तकनीकों को व्यावहारिक रूप से सीखते हुए स्वयं भी अभ्यास किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सिविल सेवाओं के भावी अधिकारियों को आपदा प्रबंधन, बचाव व राहत कार्यों की वास्तविक समझ प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इस महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।